राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

पारिस्थितिकी अनुकूलता के अंतर्गत संरक्षण और स्थानीय विकास पर दिया जोर

राज्यपाल ने नक्की झील का सपरिवार भ्रमण किया

जयपुर, 23 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार सांय को माउन्ट आबू की सुप्रसिद्ध नक्की झील के किनारे सपरिवार भ्रमण किया। इस दौरान राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों ने झील में बोटिंग भी की।

आबू के पहाड़ों के मध्य स्थित नक्की झील और दूर तक फैली हरियाली को देखकर राज्यपाल श्री मिश्र अभिभूत हो गए। बाद में झील के किनारे स्थित नेशनल पार्क में देर तक सपरिवार उन्होंने रुक कर प्राकृतिक दृश्यावलियों का आस्वाद किया। उन्होंने कहा कि नक्की झील का समग्र परिवेश ही रमणीय है। राज्यपाल ने राजस्थान के इस सुंदर पर्वतीय पर्यटन स्थल का पारिस्थितिकी अनुकूलता के अंतर्गत संरक्षण और विकास किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में आ रहे पारिस्थितिकीय बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान की मीठे पानी की सुप्रसिद्ध नक्की झील और इसके आस-पास के स्थलों को इकोलोजिकल जोन के अंतर्गत सावधानी रखते हुए संरक्षण करने के प्रयास इस तरह से हों कि यहां की जैव विविधता भी बची रहे।

श्री मिश्र ने इससे पहले नक्की झील स्थित नेशनल पार्क पर पहुंचने पर उपखण्ड अधिकारी श्री अभिषेक सुराणा से झील विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झील की स्वच्छता को बरकरार रखते हुए पर्यावरण को शुद्ध रखने में जन भागीदारी सभी स्तरों पर सुनिश्चित होनी चाहिए।
नेशनल पार्क में नगर निगम अध्यक्ष श्री जीतू राणा ने राज्यपाल श्री मिश्र को नगर निगम द्वारा तैयार माउंट आबू पर्यटन स्थलों से संबंधित मोमेंटो भेंट किया।

———